http://www.sgbauonline.com/



# M.A. (Part–II) Translation Hindi (Semester—III) Examination
## TRANSLATION HINDI
## Paper—III (C)
## (Kosha-Vigyan)

समय : तीन घंटे] [कुल अंक : 80

1. निम्नलिखित आलोचनात्मक प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** के उत्तर लिखिये : 16×3=48
   (1) कोश का स्वरूप स्पष्ट करते हुए, उसकी उपयोगिता पर प्रकाश डालिये।
   (2) कोश निर्माण की प्रक्रिया में सामग्री संकलन, प्रविष्टिक्रम को विश्लेषित करते हुए, सविस्तार समझाइये।
   (3) "कोश निर्माण विज्ञान है या कला" तर्कपूर्ण उत्तर दीजिये।
   (4) कोशों में शब्दों की व्युत्पत्ति का अर्थ, उप-प्रविष्टियां किस आधार पर तय की जाती हैं ? विस्तार से स्पष्ट कीजिये।
   (5) अनुवाद में कोश की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। सोदाहरण स्पष्ट कीजिये।
2. निम्नांकित लघूत्तरी प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के उत्तर लगभग **10—15** पंक्तियों में लिखिये : 4×4=16
   (1) शब्दकोश और थिसॉरस में क्या अंतर है ? स्पष्ट कीजिये।
   (2) समांतर कोश की उपयोगिता किस तरह होती है ? स्पष्ट कीजिये।
   (3) प्रविष्टि चयन से क्या तात्पर्य है ? स्पष्ट कीजिये।
   (4) द्विभाषिक कोश में सामग्री संकलन का मूल आधार क्या है ? स्पष्ट कीजिये।
   (5) बहुभाषिक कोश की विशेषताएं लिखिये।
   (6) अर्थ भेद के आधार पर शब्द भेद किस प्रकार से किया जाता है ? स्पष्ट कीजिये।
   (7) पारिभाषिक कोश की अनुवाद में क्या महत्ता है ? स्पष्ट कीजिये।
   (8) एककालिक कोश की महत्ता को स्पष्ट कीजिये।
3. निम्नलिखित अतिलघूत्तरी वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशानुसार लिखिये : 16×1=16
   (अ) एक वाक्य में उत्तर लिखिये :
      (1) अंग्रेजी में 'कोश' को क्या कहते हैं ?
      (2) अंग्रेजी के 'लर्नरस्' को डिक्शनरी एवं हिंदी में क्या कहते हैं ?
      (3) कोश विज्ञान द्वारा प्रस्तुत सिद्धांतों के आधार पर किसी भाषा का कोश बनाने को क्या कहते हैं ?
      (4) वैदिक शब्दों के संग्रह ग्रंथ बनाए गये, उसे क्या कहा जाता है ?
      (5) उच्चारण संबंधी निर्देश देना किसका महत्वपूर्ण धर्म है ?
      (6) द्विभाषिक कोश में शब्दार्थ किस भाषा में दिये जाते हैं ?
      (7) 'चलंतिका' नामक कोश किस भाषा का है ?
      (8) अंग्रेजी में कोशकला को क्या कहते हैं ?
      (9) समभाषिक कोश में महत्वपूर्ण क्या होता है ?
      (10) शब्दकोश के कितने प्रकार हो सकते हैं ?
   (आ) निम्नांकित कथन सत्य है या असत्य :
      (1) कोश विज्ञान मूलत: सामाजिक भाषा विज्ञान की एक शाखा है।
      (2) कोश शब्द का उल्लेख सर्वप्रथम सामवेद में मिलता है।
      (3) बहुभाषिक कोश में भारतीय भाषाओं के पर्याय देने वाला कोश "बृद्ध बहुभाषिक कोश" एक अनोखा कोश है।
      (4) "अर्थ सहित संकलन रूप कोशम्" अर्थात कोश है।
      (5) उच्चारण संबंधी ज्ञान शब्दकोश से प्राप्त किया जाता है।
      (6) शब्द विज्ञान की एक शाखा के रूप में कोश विज्ञान सर्वमान्य हुआ है।



http://www.sgbauonline.com/

http://www.sgbauonline.com/

http://www.sgbauonline.com/